एडिटोरियल एसोसिएट (हिंदी)

आईडीआर के बारे में

आईडीआर (इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू), एशिया में विकास सेक्टर का सबसे बड़ा मीडिया मंच है। साल 2017 में एक समाजसेवी संस्था के रूप में इसकी स्थापना हुई थी। इसका उद्देश्य भारत में हो रहे सामाजिक बदलावों से जुड़ी खबरों और जानकारियों को सामने लाना है। हम इस मंच पर विचार, विश्लेषण, अनुभव और ज़मीनी कहानियां प्रकाशित करते हैं।

आईडीआर पर हमारे आलेख पढ़ने के लिए यहां और हमारी टीम के बारे में जानने के लिए यहां क्लिक करें।

भूमिका के बारे में

आईडीआर हिंदी को एक एडिटोरियल एसोसिएट की तलाश है जो संपादन से जुड़ी रणनीतियां बनाने और उन्हें लागू करने में हमारी मदद कर सके। एडिटोरियल एसोसिएट की ज़िम्मेदारियों में नए आइडियाज पर काम करना, लेख लिखना, उनका संपादन करना और इनके प्रकाशन में टीम की मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा, ज़मीनी कहानियों की तलाश के लिए राज्य के अलग-अलग कोनों तक पहुंचना, सोशल सेक्टर में सक्रिय लोगों से मिलना और आईडीआर के लिए उनका साक्षात्कार करना, और जरूरत पड़ने पर ऑफ़लाइन कार्यक्रमों का आयोजन करना भी शामिल होगा। एडिटोरियल एसोसिएट उस राज्य में आईडीआर के प्रतिनिधि होंगे जहां उनकी नियुक्ति होगी।

हम ऐसे लोगों को खोज रहे हैं जो नई चीजों को आज़माने में झिझकते न हों। जो नई सामग्री या कहानियों तक पहुंचने और लोगों तक उसे पहुंचाने की ज़िम्मेदारी निभा सकें। जो अपनी संपादकीय भूमिका निभाने के साथ कई तरह के प्रयोग करने की चाह भी रखते हों।

यह एक रिमोट पोज़ीशन है।

आपको क्या करना है

- नए आइडिया खोजना और आलेख लिखना
- आलेखों को कमिशन और ट्रांसक्राइब करना, उनका लेखन और संपादन करना और उनके लिए शोध करना
- आईडीआर में सहयोग देने वाले लेखकों (कंट्रीब्यूटर्स) और संस्थाओं से संबंध बनाना, ज़मीनी कहानियां खोजना और सेक्टर के बारे में समझ बढ़ाना
- संपादकीय प्रोजेक्ट और पहलों का नेतृत्व करना
- आईडीआर की ओर से आयोजनों, चर्चाओं और सम्मेलनों में भाग लेना
- संपर्क और संबंध बनाना, और उनका प्रबंधन करना
- जरूरत पड़ने पर स्वतंत्र रूप से ऑडियो-विजुअल सामग्री तैयार करना
- स्थानीय स्तर पर लोगों तक आईडीआर को पहुंचाने के लिए नेटवर्क बनाना

आवेदन करें, यदि आप -

- सामाजिक बदलाव से जुड़े मुद्दों में रुचि रखते हैं या आपका अनुभव है
- बेहतरीन लेखन और संवाद कौशल रखते हैं
- अंग्रेज़ी और हिंदी भाषा पर मजबूत पकड़ रखते हैं
- विषय, घटनाओं या लोगों से जुड़ी बारीकियों को पकड़ सकते हैं
- स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता और तार्किक सोच रखते हैं
- प्रोजेक्ट मैनेजमेंट से जुड़े कौशल और एक ही समय पर कई काम करने की क्षमता रखते हैं
- रचनात्मक हैं और अलग-अलग फॉर्मेट में कहानियां कह सकते हैं
- नेटवर्क बनाने की क्षमता रखते हैं
- डिजिटल मीडिया के संदर्भ में इंटरनेट के इस्तेमाल (सोशल मीडिया, सर्च इंजन आदि) से अच्छी तरह परिचित हैं
- यात्रा करना पसंद करते हैं
- संचार या पत्रकारिता/संपादकीय भूमिका में कम से कम 4-5 साल का अनुभव रखते हैं

अपनी सीवी और वर्क सैंपल हमें यहां भेजें: **hindi@idronline.org**

आपका वर्क सैम्पल किसी और के द्वारा संपादित नहीं होना चाहिए। चुने गए उम्मीदवारों को एक असाइनमेंट दिया जाएगा जिसमें सफल होने पर साक्षात्कार होगा।

इस पद के लिए वार्षिक वेतनमान 6-7.2 लाख रुपए के बीच है। वेतनमान, आवेदक अनुभव के आधार पर तय होगा।